# कार्यालय विधान परिषद् सचिवालय, उत्तर प्रदेश,
# विधान भवन लखनऊ

विज्ञापन संख्या: 02/2026

संख्या–1072/वि0प0–64(अधि.)/18 दिनांकः 06 अगस्त, 2026

## विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश विधान परिषद् सचिवालय में प्रमुख सचिव के रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु निम्न विवरण के अनुसार भारतीय नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:–

1. पद नाम– प्रमुख सचिव।
2. वेतनमान– रू0 1,82,200–2,24,100 (पे मैट्रिक्स लेवल–15)
3. आयु सीमा– 35 वर्ष से कम तथा 55 वर्ष से अधिक नहीं।

   (i) यदि प्रमुख सचिव के पद पर चयन हेतु सेवानिवृत्त व्यक्ति पर विचार किया जाता है तो 55 वर्ष की अधिकतम आयु सीमा लागू नहीं होगी।

   (ii) आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के भर्ती के समय प्रवृत्त प्राविधानों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट प्रदान की जायेगी।
4. शैक्षिक अर्हता–भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय की विधि की स्नातक उपाधि तथा उच्चतर न्यायिक सेवा का सेवारत अथवा सेवानिवृत्त अधिकारी अथवा अधिवक्ता के रूप में अथवा संसद अथवा किसी राज्य विधान मण्डल के सचिवालय अथवा संघ अथवा किसी राज्य सरकार के विधि विभाग में अधिकारी के रूप में न्यूनतम 10 वर्ष कार्य करने का अनुभव हो। उन व्यक्तियों को अधिमान प्रदान किया जायेगा जो उत्तर प्रदेश सरकार के न्याय एवं विधायी विभाग या संसदीय कार्य विभाग में कार्य करने का व्यवहारिक अनुभव रखते हों अथवा जो संसदीय कार्य करने का अनुभव रखते हों।
5. भर्ती प्रक्रिया उत्तर प्रदेश, विधान परिषद् सचिवालय सेवा (भर्ती तथा सेवा की शर्तें) (तृतीय संशोधन) नियमावली, 2018 के नियम 6 के प्राविधानुसार पूर्ण की जायेगी।
6. चरित्र–पद पर चयन/नियुक्ति हेतु निम्न कारण होने पर व्यक्ति अनर्ह घोषित कर दिया जायेगा:–

   (क) ऐसे किसी अपराध के लिए सिद्धदोष ठहराया गया है और करावास से दण्डादिष्ट किया गया है जिसमें सरकार की राय में नैतिक अधमता अन्तर्वलित है, या

   (ख) उन्मुक्त दिवालिया है, या

   (ग) विकृत चित्त का है और सक्षम न्यायालय द्वारा ऐसा घोषित कर दिया गया है, या

   (घ) सरकार या सरकार के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन किसी निगमित निकाय में सेवा से हटा दिया गया है या पदच्युत कर दिया गया है, या

   (ड.) ऐसी कोई अन्य निरर्हता है जो सरकार द्वारा विहित की जाए।

7. अभ्यर्थी के अर्ह अथवा अनर्ह होने के सम्बन्ध में नियुक्ति प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।
8. आवेदन पत्र का प्रारूप विधान परिषद् की वेबसाइट www.vidhanparishad.up.gov.in पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र का प्रारूप माननीय सभापति के कार्यालय कक्ष संख्या–26 मुख्य विधान भवन लखनऊ से भी प्राप्त किया जा सकता है।

9. आवेदन–पत्र प्रस्तुत करते समय विभागीय प्रमुख/कार्यरत न्यायिक सेवा के अधिकारियों के मामले में मा0 उच्च न्यायालय की अनुमति प्राप्त की जानी होगी।

10. शासनादेश संख्या–04/2021/1/4/2011–का–4–2021, दिनांक 29 अप्रैल, 2021 के क्रम में पुलिस सत्यापन कराना अनिवार्य होगा।

उपर्युक्तानुसार निर्धारित आवेदन पत्र, पंजीकृत डाक से विलम्बतम् दिनांक 31 अगस्त, 2026 तक माननीय सभापति विधान परिषद् कक्ष संख्या–26 मुख्य विधान भवन लखनऊ–226001 के पते पर पहुंच जाना चाहिये।

आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर न होने, अपूर्ण होने अथवा निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाले पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा।

6.8.26

(डा0 राजेश सिंह)
प्रमुख सचिव।

## प्रमुख सचिव, विधान परिषद् उत्तर प्रदेश के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

स्वप्रमाणित आवक्ष फोटो चिपकायें।

1. विज्ञापन संख्या–
2. आवेदित पद का नाम–
3. अभ्यर्थी का नाम–
4. पिता/पति का नाम–
   (क) हिन्दी में–
   (ख) अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में–
5. (क) जन्म तिथि (प्रमाण पत्र सहित)–
   (ख) (01 जुलाई, 2026) को आयु–............वर्ष................माह................दिन
6. (क) शैक्षिक अर्हताओं का विवरण–
   (ख) अधिमानी अर्हताओं का विवरण–
   (ग) विशिष्ट अर्हताओं का विवरण–
7. पता (क) स्थायी पता–
   (ख) पत्र व्यवहार का पता–
   (ग) दूरभाष संख्या–
   (घ) ई–मेल पता–
8. अभ्यर्थी वर्तमान/विगत नियुक्तियों का विवरण आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करें इसके अतिरिक्त सरकारी सेवारत अभ्यर्थी सक्षम स्तर से अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत करें।
9. श्रेणी (अनारक्षित, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति)–
   नोटः आरक्षण का दावा किये जाने पर, प्रमाण पत्र संलग्न किया जाय।
10. सेवारत्/सेवानिवृत्त सरकारी सेवक को सेवाकाल में नियोक्ता अथवा न्यायालय द्वारा यदि कोई दण्ड, प्रतिकूल प्रविष्टि आदि प्रदान की गयी हो तो उसका तिथि सहित विवरण दिया जाय।
11. अन्य विवरण, यथा प्रकाशित शोध पत्र अथवा राज्य सरकार/भारत सरकार द्वारा प्रदत्त कोई विशिष्ट सम्मान आदि, यदि कोई हो–

तिथि.................................. अभ्यर्थी का हस्ताक्षर..................................

स्थान................................. अभ्यर्थी का नाम.........................................

### घोषणा पत्र

मैं.......................................................घोषणा करता/करती हूँ कि –(1) मैंने विज्ञप्ति में की गई पात्रता की शर्तों को सावधानी पूर्वक पढ़ा/पढ़ी हूँ, वह मुझे मान्य हैं और वे शर्तें मैं पूरी करता/करती हूँ। (2) मेरे द्वारा इस आवेदन पत्र में दिये गये समस्त विवरण/सूचनायें सत्य एवं सही हैं और मैंने इन विवरण/सूचनाओं में कोई तथ्य नहीं छिपाया है। यदि कोई विवरण/सूचना असत्य अथवा गलत पायी जाये या कोई मेरे द्वारा छिपाया जाना पाया जाये तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाये। यदि नियुक्ति हो जाने के उपरान्त ऐसी स्थिति प्रकाश में आये तो मेरी सेवाएं समाप्त कर दी जायें। इसमें मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी।

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर..........................................

अभ्यर्थी का नाम.................................................